Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 19-04-2023 अंक 544

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बरही : चिलचिलाती धूप से बरही में पसरा सन्नाटा



**अपेम लाइव : बरही**

बरही : तापमान बढ़ने के कारण जनजीवन अस्त – व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी के कारण लोग कई प्रकार की बीमारियो से ग्रसित हो रहे है। चिलचिलाती धूप से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। दिनभर लोग बाहर निकलने से बचते दिख रहे है। गौरतलब है की सुबह आठ बजे से ही सूर्य की किरणे इतनी तेज हो जाती है की उसकी गर्मी असहनीय है। लोग अपना सारा काम सुबह में ही निपटा ले रहे है। दिनभर सिर्फ ऑफिस वा कामकाजी लोग सड़कों पर दिख रहे है। जो लोग सड़कों पर दिख भी रहे है वह अपना चेहरा व बदन को ढककर रखें रहते है। जहां सड़कों के किनारे लोग सरबत वा आम का पन्ना पीकर गर्मी से राहत पीने की जुगाड में लगे रहते है वहीं आइसक्रीम व कोल्डड्रिंक की बिक्री भी तेज हो गई है। वहीं चिकित्सकों की माने तो सुबह दस बजे से तीन बजे तक पड़ने वाली सूर्य की किरणे से बर्न होने की ज्यादा संभावना होती है।

### तीन बच्चों की मां अपने आशिक के साथ फरार छोटे–छोटे बच्चों का रो – रो कर बुरा हाल, परिजनों ने थाना ने दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी देवंती देवी पिछले दो दिनों से गायब है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरियाडीह निवासी देवंती देवी पति प्रदीप प्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष अचानक बिना कुछ कहे सुने सोनवार को करीब 12 रू 00 बजे अपने दो बेटा और एक बेटी को छोड़कर भाग गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही किसी लड़के के साथ महिला का प्रेम – प्रसंग चल रहा थी। जिसे लेकर पूर्व में भी एक पंचायत की गई थी। लेकिन लड़की के भाग जाने के बाद जब लड़के के बारे में पता किया गया तो बताया जाता है कि लड़का भी पिछले दिनों से गायब है। लड़की के घरवालों का कहना है कि हमारी बहू को उस लड़के के द्वारा जबरन भगा कर ले गया है। जिसको लेकर महिला देवंती देवी के परिजनों ने बरही थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने का अपील किया है।

### मारपीट को लेकर मेरे ऊपर लगाए आरोप बेबुनियाद : राजसिंह चौहान



**अपेम लाइव : बरही**

आजसू बरही विधानसभा प्रभारी सह सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने पत्रकारों के बीच प्रेस बयान जारी करते हुए बताया कि मुझपर लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। उन्होंने बताया कि मुझे एक अखबार में छपी खबर के बाद पता चला कि अभिषेक कुमार सिंह नामक व्यक्ति शेख भिखारी मेडिकल क०लेज अस्पताल में अपना फर्द बयान देते हुए मुझ पर गंभीर आरोप लगाया है। जो सरासर गलत है, जो भी घटना घटी है उस घटना के बारे में मुझे जानकारी तक भी नहीं है। मैं उस घटना के दौरान वहां पर मौजूद भी नहीं था, फिर भी एक समाजसेवी होने के नाते मुझे बदनाम करने की साजिश के तहत वह मेरा नाम लेकर मुझे बदनाम कर रहा है, जो सरासर गलत है।

# जंगली हाथियों ने मचाया तांडव, बुजुर्ग महिला को कुचल कर मरा और कई घरों को भी किया ध्वस्त

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले के बालूमाथ प्रखंड की सेरेगड़ा पंचायत में मंगलवार की रात जंगली हाथियों ने जमकर तांडव मचाया।इस दौरान हाथियों ने एक वृद्ध महिला को भी कुचल कर मार डाला।साथ हीं कई घर को ध्वस्त कर दिया।ज्ञात हो कि लगभग 12 की संख्या में मंगलवार रात जंगली हाथी सेरेगड़ा पंचायत के हाड़ीजाला गांव प्रवेश कर गए मंगलवार रात इस दौरान हाथियों ने कई घरों को ध्वस्त कर दिया।वहीं हाथियों को देख भागने के दौरान वृद्ध महिला जसोइया देवी को हाथियों ने कुचल कर मार डाला।हाथियों ने इस दौरान जयराम उरांव के घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया और घर में रखा अनाज भी बर्बाद कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम और स्थानीय जनप्रतिनिधि गांव पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी ली।ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का आतंक इस इलाके में बढ़ा हुआ है।जंगली हाथी प्रतिदिन ग्रामीणों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों से कई बार इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई।. ग्रामीणों की बात सुनकर जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई।उन्होंने कहा कि वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने के लिए जल्द पहल करें।जिला परिषद सदस्य ने यह भी सुझाव दिया कि स्थानीय गांव के युवाओं को प्रशिक्षित किया जाए और उन्हें हाथियों को भगाने के कार्य में लगाया जाए तो यहां के ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी।घटना के बाद वन विभाग की टीम ने मृतक के परिजनों को मुआवजे के रूप में 40 हजार रुपए दिए।वहीं शेष राशि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद देने की बात कही।वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही हाथियों को भगाने के लिए बाहर से टीम बुलाई जाएगी।वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि स्थानीय वन सुरक्षा समिति से जुड़े लोगों को भी प्रशिक्षित करने की योजना बनाई जा रही है।

# नैतिकता एवं संस्कार के लिए आध्यात्म जरूरीरू मुकुल नारायण देव

## विभावि हजारीबाग में ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर से सत्संग गोष्ठी सही योग उदबोधन शिविर का अयोजन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**





कार्यक्रम में मौजूद ब्रह्म विद्या विहंगम योग से जुड़े लोग

ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर से विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के सभागार में सत्संग गोष्ठी सही योग उद्बोधन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बरही सहीत पूरे जिले से ब्रह्मविद्या विहंगम योग से जुड़े साधक एवं श्रद्धालु शामिल हुए ।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ मुकुल नारायण देव मुख्य रूप से उपस्थित हुए । कार्यक्रम का उद्घाटन सदगुरु सदाफलदेव जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सुखनंदन सिंह विहंगम योग संदेश के संपादक ने ब्रह्मविद्या विहंगम योग की अध्यात्मिक पृष्ठभूमि से उपस्थित लोगों को अवगत कराया तथा ब्रह्मविद्या विहंगम योग की ओर से प्रचारित एवं प्रसारित स्वर्वेद ग्रंथ की महिमा की बखान किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा की सदगुरु ही परमात्मा से मिलन करा सकते है। अपनी इंद्रियों को अपने वस में करने में ब्रह्म विद्या विहंगम योग काफी मददगार साबित होता है। मुख्य अतिथि विभावि कुलपति प्रो मुकुल नारायण देव ने कहा की शिक्षा ही अध्यात्म की शक्ति प्रदान करता है। शिक्षा के बिना सब अधूरा है। लेकिन वर्तमान समय में नैतिक शिक्षा की काफी अभाव दिखता है। संस्कार की कमी दिखती है। इसके लिए जरूरी है की लोग अध्यात्म को अपनाएं। अध्यात्म हमेशा व्यक्ति को सही मार्गदर्शन कराता है। अध्यात्म से ही संस्कार बीजारोपण होता है। उन्होंने ब्रह्म विद्या विहंगम योग एवं स्वर्वेद की महत्व की भी चर्चा की। बताया की इस ग्रंथ ने लोगों को जीवन जीने की कला सिखाया है। कार्यक्रम का संचालन संतोष अग्रवाल विद्यार्थी ने किया। मौके पर सभी योगाभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम समापन के बाद सैकड़ों की संख्या में ब्रह्म विद्या विहंगम योग का गुप्त ज्ञान जिज्ञासुओं ने प्राप्त किया। मौके पर ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राधा कृष्ण सिंहा, महामंत्री कमलेश श्रीवास्तव, जिला संयोजक संतोष मेहता एवं डॉ महेश कुमार,बरही ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज प्रभारी कृष्णा कुमार गुप्ता, सत्संग प्रभारी सिकंदर सिंह, गुरु भाई राजदेव सिंह, किशोर सिंह, उपेन्द्र पांडेय, झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज सह बुद्धि जीवी मंच बरही के सचिव महेन्द्र प्रसाद दुबे, श्रीकान्त पांडेय, देवधारी प्रजापति सहित पूरे जिले से सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# क्षेत्र में पेयजल की समस्या को देख बीडीओ ने किया बैठक, विभाग को दिए कई निर्देश

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**




बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में बुधवार को पेयजल की समस्या को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीडीओ राकेश सहाय के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और पेयजल स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड क्षेत्र में खराब पड़े चापाकल जल मीनार को दुरुस्त करने के साथ–साथ प्रखंड क्षेत्र में चल रही हरदृघर जल नल योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में जीप सदस्य सन्तोषी शेखर ने कहा कि विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों जल मीनार लगाए गए परंतु जल मीनार लगाए जाने के बाद उनका एक बार भी देखरेख नहीं होने के कारण वह खराब पड़े हैं।जो सरकारी राशि का दुरुपयोग करने का मामला है।साथ ही प्रखंड क्षेत्र में कई ऐसे चापाकल है जिसका जल जलस्तर नीचे हो जाने के कारण वह बेकार पड़े हैं। जिसको लेकर विभाग के कनीय अभियंता के द्वारा विभाग में पाइप की आपूर्ति न होने का हवाला दिया गया । उधर प्रखंड प्रमुख औऱ सांसद प्रतिनिधि के द्वारा जल नल योजना में अनियमितता बरतने की शिकायत की जिस पर विभाग के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता के द्वारा मामले की जांच करने की बात कही। वही बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के द्वारा प्रखंड समन्वयक मनजीत सिंह को निर्देश दिया गया कि यह सुनिश्चित हो कि प्रखंड क्षेत्र के सार्वजनिक जलमीनार के कहीं भी सिंचाई और पाइप लगाकर उस पानी का इस्तेमाल ना किया जाए और अगर ऐसा किया जाता है तो उन लोगों पर चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाए। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खराब पड़े चापाकल की सूचना प्राप्त होने के 48 घंटे के अंदर पंचायत या फिर पेयजल स्वच्छता विभाग के माध्यम से दुरुस्त कराने का कार्य किया जाएगा। बैठक में जीप सदस्य सन्तोषी शेखर, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सहायक अभियंता प्रशांत पांडे, कनीय अभियंता महेंद्र राम, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पुलिस छापामारी में पिकअप वैन में लोड 10 गोवंशीय पशु जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


वैन में क्रूरतापूर्ण लोड मवेशी

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत हथगढ़ा से पिकप वैन से गोवंशीय पशु को लोड कर पश्चिम बंगाल ले जाने की सूचना पर एसडीपीओ नाजिर अख्तर द्वारा गठित टीम के द्वारा की गई छापेमारी में एक पिकप वैन को पुलिस ने जब्त किया है। जब्त पिकप वैन से 10 गोवंशीय पशु को बरामद किया गया। जिसके पांच मृत पाया गया। मौके पर से दो तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में ग्राम बराकर थाना कुल्टी जिला पश्चिमी वर्द्धमान पश्चिम बंगाल निवासी मो शाहबान एवं मो अंसार अंसारी शामिल हैं। दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में गोवंशीय पशु प्रतिषेध अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इसमें लिप्त सभी लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस बाबत पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया की एसडीपीओ नाजीर अख्तर साहब को गुप्त सूचना दी गई थी की पश्चिम बंगाल की बोलेरी पिकप वैन ने गोवंशीय पशु को लोड कर ले जाया जा रहा है। इसके बाद एक छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसमे एसडीपीओ नजीर अख्तर, पुनि ललित कुमार, एसआई लक्ष्मण बोबांग, एएसआई पंचू किस्कू, हवलदार श्याम कुमार हंसदा, आरक्षी गुड्डू कुमार एवं बबलू कुमार को शामिल किया गया। गठित टीम के द्वारा उक्त कार्रवाई की गई।

## मारपीट छिनतई एवं छेड़छाड़ के मामले में दोनो पक्षों ने दर्ज कराया एक दूसरे पर प्राथमिकी, 13 नामजद


इलाजरत सौरव नारायण सिंह


इलाजरत अभिषेक सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

खोड़ाहर पंचायत के केवाल में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, छिनतई एवं छेड़छाड़ के मामले में दोनो पक्षों की ओर से एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमे 13 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। प्रथम पक्ष की ओर से सौरव नारायण सिंह पिता बिनोद सिंह केवाल निवासी ने मारपीट, गाली गलौज, छिनतई एवं छेड़ छाड़ का आरोप लगाकर बरही थाना में। कांड संख्या 160 दिनांक 16 अप्रैल को धारा 147/149/341/323/458/504 एवं 506 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमे अभिषेक सिंह, अविनाश सिंह, धीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह एवं बहादुर सिंह को नामजद आरोपी बनाया गया है। वही दूसरे पक्ष से वादी सुधा देवी पति अभिषेक सिंह के बयान पर 170/23 धारा147/148/149/341/323/324/354 बी/307/379/427/458/504 एवं 506 के तहत 18 अप्रैल को आठ लोगों के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला करने, छिनतई, एवं छेड़छाड़ का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में सौरव नारायण सिंह, बिनोद सिंह, अधीर सिंह, केवाल , छोटू पांडेय, पप्पू सुंडी, अकाश प्रजापति, अभय केशरी, पवन सिंह सभी बरही निवासी को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पंचमाधाव : आग लगने से तीन मचान, एक बैलगाड़ी और 50 बोरा कुट्टी जलकर राख, लाखों का नुकसान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के बसरिया में में दोपहर लगभग 10:30 बजे अचानक तीन मचान में आग लग गई। जिससे आस – पास के लोगों में अफरा – तफरी मच गई। वहीं इस बात की सूचना ग्रामीणों द्वारा स्थानीय प्रशासन एवं दमकल को दी गई। सूचना मिलते ही बरही पुलिस एवं दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की अज्ञात द्वारा आग लगा दिया गया। जिसमे पुवाल रखा तीन मचान, एक बैलगाड़ी और 50 बोरा कुट्टी जलकर राख हो गया। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। वहीं आग लगने की सूचना पाकर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, बीरेंद्र यादव एवं वार्ड सदस्य घनश्याम सिंह ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। मौके पर राजेश यादव, उपेंद्र यादव, बालेश्वर यादव, बासुदेव ठाकुर, किशुन यादव, सिब्बल यादव, पप्पू सिंह, अमित सिंह, रूपन पंडित, ओमप्रकाश कुमार, लक्ष्मण प्रजापति, दिलीप ठाकुर, अनिल यादव, मोहन ठाकुर, उमेश कुमार, संतोष यादव, उदेश्वर यादव, योगेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र यादव, बिरेंद्र ठाकुर, दीपक कुमार, बुलाकी यादव, गुड्डू पंडित, बिरेंद्र सिंह, विशेश्वर यादव, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार एवं पिंटू कुमार सहित सैकड़ों अन्य महिलाएं मौजूद थी।

## स्थानीय नियोजन नीति 60:40 से झारखंडियों के अधिकार पर चोट, स्वीकार्य नही : कृष्णा यादव

### झारखंड बंद का कई सामाजिक कार्यकताओं ने दिया समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


कृष्णा यादव

झारखंड सरकार की स्थानीय नियोजन नीति 60:40 के खिलाफ राज्य के छात्र छात्राएं आंदोलित हैं। 19 अप्रैल को झारखंड बंद का बरही में भी असर देखने को मिला। हालांकि बरही में किसी संगठन ने बंद कराने का कोई प्रयास नहीं किया। लेकिन झारखंड सरकार के गलत एवं अनुचित स्थानीय नियोजन नीति से बरही के भी छात्र छात्राएं झारखंड सरकार के खिलाफ अक्रोशित हैं। 19 अप्रैल को झारखंड बंद का कई सामाजिक संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने समर्थन किया है। झारखंड सरकार के 60/40 के तहत बनी स्थानीय नियोजन नीति के खिलाफ 19 अप्रैल के झारखंड बंद का बरही विधाभसा के युवा नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा यादव ने भी समर्थन किया । उन्होंने उक्त विषय पर प्रेस बयान जारी करते हुए कहा की यह नियोजन नीति झारखंडियों को ठगने वाला है। कहा की देश के कई राज्यों में जब भी कोई वे. केंसीय निकलती है तो उसमे 100 प्रतिशत अपने राज्य वासियों को प्राथमिकता दिया जाता है । लेकिन झारखंड की वर्तमान सरकार पूर्व की भांति मात्र 60 प्रतिशत ही अधिकार राज्य वासियों को देना चाहती है । जबकि 40 प्रतिशत बहरियो के लिए दरवाजा खोल दी है। जिससे धीरे धीरे झारखंड के बाहर के लोगों का कब्जा बढ़ता चला जायेगा। जिसका हम पुरजोर विरोध करते है, सरकार के यह नीति गलत है । जिसका प्रदेश के सभी छात्र विरोध कर रहे है। कृष्णा यादव ने कहा की मैं उनके विरोध को बल देने का कार्य करूंगा, प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के साथ मैं सदैव खड़ा रह कर उनके हक की लड़ाई लगने को सदैव तत्पर हूं।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## आक्रोशित युवाओं ने निकाला सरकार के नियोजन नीति 60/40 के खिलाफ रैली

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



चंदवारा प्रखंड मुख्यालय बजरंगबली चौक से पुराना थाना तक मंगलवार पूर्व संध्या झारखंड सरकार के नियोजन नीति के विरोध में छात्रों के द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया जिनमें युवाओं ने झारखंड सरकार के नियोजन नीति का पुरजोर विरोध किया है उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार 60/40 करके यहां के स्थानीय युवाओं का हक मार रही है तथा अपने चुनावी वादों से मुकर रही है आक्रोशित युवाओं ने बताया कि जिस प्रकार से अन्य प्रदेशों में वहां के लोगों को प्राथमिकता दिया जाता है यह हेमंत सरकार हम लोगों के विपरीत काम कर रही है बता दें कि इस नीति का पूरे झारखंड में विरोध हो रहा है उसके बाद भी सरकार अड़ी हुई है युवाओं ने कहा कि यदि सरकार इस नीति को वापस नहीं लेती है तो आने वाले समय में इसकी खामियाजा सरकार को भुगतनी पड़ेगी आक्रोशित युवाओं ने हेमंत सोरेन हाय हाय 60/40 नाय चलतो हेमंत सरकार होश में आओ तथा कड़े शब्दों में सरकार को चेताया गया इस मशाल जुलूस को सफल बनाने में चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ,राकेश कुमार रोशन, वीरेंद्र कुमार ,कुंदन कुमार, धीरज कुमार ,सुनील कुमार, किशोर कुमार, विकास पासवान, नरेश भगत, मनोज कुमार,अजीत कुमार ,तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र व ग्रामीण इस जुलूस में शामिल हुए।

## ईद उल फितर लेकर थाना प्रभारी ने किया बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



श्री बंशीधर नगररूईद उल फितर की नमाज को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगो के साथ बुधवार को थाना प्रभारी नीतिश कुमार सिंह ने बैठक किया।थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने ईद उल फितर का नमाज आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातारण में मनाने की बात कही।उन्होंने नमाज पढ़ने के दौरान मस्जिद व ईद गाह में विडियो ग्राफी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा अगर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जाने की सूचना मिले तो सबसे पहले थाना को सूचना दें ताकि उस पर उचित कार. वाई किया जा सके।उन्होंने कहा कि अगर किसी को किसी प्रकार की समस्या हो तो सूचना दे। उन्होंने कहा कि ईद उल फितर नमाज के दौरान मस्जिद एवं ईदगाह पर पुलिस बल की तैनाती रहेगा।मौके पर पूर्व सदर तस्लीम खान,सरपरस्त शमीम खान,नरही सदर नसीर अंसारी,महमूद आलम सीनियर,फिरदौस आलम जूनियर,वार्ड पार्षद शकील अहमद गुलु, मेराजुद्दीन खान,सुहैल आलम,बाबू आलम, हुलहुला इसहाक अंसारी,कुशदण्ड बीडीसी प्रतिनिधि व सदर जमील अंसारी, सहित अन्य उपस्थित थे।




## कल से जिले के सभी विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

### 4 लाख से ज्यादा बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय सदर अस्पताल परिसर स्थित सीएस कार्यालय में बुधवार को सिविलसर्जन डॉ दिनेश कुमार ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया । इस अवसर पर सीएस दिनेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2023 को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। कहा कि जिले में राष्ट्रीय कृमि दिवस एवं म०प अप दिवस 25 अप्रैल को 1 वर्ष से 19 वर्ष तक की आयू वर्ग के किशोर एवं किशोरियों को कृमि मुक्ति के लिए कृमि नाशक दवा एज्बेंडाजोल की दवा खिलायी जाएगी। उन्होंने बताया कि लातेहार जिले में 1 से 19 वर्ष के किशोर किशोरियों को दवा खिलाने को लेकर कुल 412151 लक्ष्य निर्धारित है। जिसको लेकर 20 से 25 अप्रैल तक जिले के 1237 विद्यालय एवं 962 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कृमि मुक्ति की दवा खिलायी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता को लेकर पर्यवेक्षण हेतु जिलास्तरीय पर्यवेक्षण दल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि कृमि मुक्ति को लेकर होने वाले कार्यक्रम पूरी कोविड–19 के निर्धारित नियम के तहत ही की जाएगी। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि 1 से 19 वर्ष के के किशोर एवं किशोरी दवा का सेवन जरूर करें ताकि जिला कृमि मुक्त बन सकें।इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि कृमि नियंत्रण की दवाई सभी के लिए सुरक्षित है, किसी भी तरह कि प्रतिकूल घटना से निपटने के लिए राज्य सरकार ने 104 (स्वास्थ्य हेल्प लाइन सेवा) तथा 108 (एम्ब्युलेन्स) के साथ–साथ सभी ब्ल०क – जिला में आपातकालीन चिकित्सा टीम भी तैयार रखा है।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलमणि कुमार और डीपीएम वेदप्रकाश उपस्थित रहे।

## तप, त्याग और निष्ठा की जीती जागती प्रतिमूर्ति थे महात्मा हंसराज : नरसिंह शर्मा

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में मनाई गई हंसराज जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



महात्मा हंसराज की जयंती मनाते डीएवी के शिक्षक

बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में आर्य समाज के महान सपूत महात्मा हंसराज की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत आर्य समाज की वैदिक परंपरा हवन से की गई ।उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक नरसिंह शर्मा ने कहा कि महात्मा हंसराज स्वामी दयानंद सरस्वती के सच्चे शिष्य थे ।वे तप त्याग और निष्ठा के जीती जाती प्रतिमूर्ति थे। आजीवन अवैतनिक रहते हुए उन्होंने आर्य समाज की सेवा की। स्वामी दयानंद के दिखाए रास्ते पर चलते हुए डीएवी की आधारशिला रखी और प्रथम प्राचार्य होते हुए उन्होंने भारत भूमि पर वैदिक शिक्षा के साथ–साथ आधुनिक शिक्षा की नींव रखी। इसी का परिणाम है कि आज का भारत शिक्षा जगत के मार्ग पर कुशलतापूर्वक अग्रसर है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हमें महात्मा हंसराज से त्याग और प्रेम की भावना को सीखना चाहिए क्योंकि इसी से समाज का कल्याण हो सकता है।इस अवसर पर विद्यालय के संस्कृत शिक्षक विजय कुमार ने कहा कि इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन आर्य समाज के साथ–साथ मानव जगत के कल्याण के लिए खपा दिया। सुधीर कुमार ने कहा कि महात्मा हंसराज हम सबों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। मंच का संचालन करते हुए राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि यदि हम महात्मा हंसराज के दिखाए रास्ते पर अग्रसर होंगे तो हमें सफलता अवश्य प्राप्त होगी। संगीत शिक्षक दीपक कुमार और अमित कुमार चतुर्वेदी ने मधुर भजन प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम के अंत में सबों ने यह प्रण लिया शिक्षा के माध्यम से हम पूरे भारत ही नहीं पूरे विश्व के कल्याण का बीड़ा उठाते हैं। इसके लिए हम सभी शिक्षक गण हर संभव प्रयास करेंगे ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार, दीपक शरण, रंजीत कुमार, मंटू गोप, अमित चतुर्वेदी, राजेश कुमार सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं, कार्यालय कर्मी और ग्रुप डी कर्मी ने अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## रोजगार सेवक स्थानांतरण को लेकर भाजपा के नेता में बीडीओ को दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बिरनी**


बीडीओ को शिकायत करने को लेकर कार्यालय पहुँचे भाजपा नेता व अन्य लोग

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के दलांगी पँचायत में दस वर्षो से रोजगार सेवक लतीफ अंसारी व कनीय अभियंता मदन यादव कार्यरत है लेकिन जिला से लेकर प्रखण्ड तक के अधिकारियों ने आज तक उन दोनों का तबादला नही किया है जिसके कारण रोजगार सेवक लतीफ अंसारी का पँचायत में एक छत्र राज्य कायम हो चुका है । प्रखण्ड से लेकर जिला तक इसकी इतनी मजबुत पकड बना हुआ है कि कोई भी हो इसके खिलाफ बोलने की हिम्मत नही करता है । इतना ही नही मनरेगा कार्य करने वाले मेठ भी इनके ब्यवहार से काफी क्षुब्द है काम नही मिलने के डर से उसके बारे में बोल नही पाते हैं । जो मेठ उसका विरोध करता है उसका मास्टर रोल को जीरो फील कर देता है और कहता है कि जहां जाना है जाकर शिकायत करो । इसी का परिणाम है कि मनरेगा का तालाब,डोभा निर्माण समय को लेकर मेठ के साथ एग्रीमेंट कराया जाता है और एग्रीमेंट व मनरेगा नियम दरकिनार कर जेसीबी, बाहरी मजदूर से खुदाई पूर्व ही कर ली जाती है। 2-3 वर्षो तक धीरे-धीरे राशि की निकासी की जाती है । लोगो का कहना है कि अगर रोजगार सेवक के कार्यकाल की जांच उच्च स्तरीय कराई जाए तो कई करोड़ों रिकवरी की जा सकती है । लतिफ अंसारी के जमे रहने को लेकर भाजपा नेता सह पूर्व विद्यायक प्रतिनिधि लक्ष्मण दास सांसद प्रतिनिधि प्रेमचन्द वर्मा ने कहा चोरी छिपाने व साजिश के उसे वहां रखा गया है । इसी को लेकर बीडीओ कार्यालय पूछ्ने आये थे कि चोरी और साक्ष्य छुपाने के लिए उसे स्थानांतरण नही किया गया है क्या लेकिन कार्यालय बन्द है । हम बीडीओ से मांग करते है कि रोजगार सेवक लतीफ अंसारी को पँचायत से अविलम्ब हटाया जाए ।

## वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन का बताया गया फ़ायदा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड के चम्पा पंचायत सचिवालय में आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत जेएसएलपीएस के माध्यम से वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का कैम्प आयोजन किया गया । शिविर में सुजीत कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेनदेन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है ।कहा कि इस अभियान के द्वारा गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए बैंक सखी वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम को जन जन तक पंहुचाया जा रहा है ।कार्यक्रम में उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर जागरुक किया गया ।मौके पर मुखिया,पंचायत सचिव,वार्ड, जेएसएलपीएस बीपीओ सुजीत कुमार, बिनोद कुमार संजय यादव, सरिता कुमारी, नाजिया खातून, सुरेश मिसी एवम सखी मंडल की दीदी काफी संख्या में उपस्थित थे ।

## अंतर जिला अंडर 16 टूर्नामेंट के चौथे मैच में लातेहार ने रांची को 26 रनों से दी मात

### लातेहार के उज्ज्वल कुमार सिंह बने मैन ऑफ द मैच

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : अंतर जिला अंडर 16 के चल रहे टूर्नामेंट के चौथे मैच में लातेहार ने रांची को 26 रन से पराजित किया । जहां लातेहार ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में अपने 8 विकेट खोकर 199 रन ही बना पाई । जिसमे अतुल कुमार गुप्ता 54 , आर्यन तिवारी नाबाद 43 तथा तिलक सिंह खरवार ने 31 रन का योगदान दिया । रांची की ओर से समीर अंसारी, रौशन कुमार तथा तनिष्क प०ल ने दो दो विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी रांची की टीम 42 वे ओवर में 173 रन पर ढेर हो गई । रांची की ओर से अंकित कुमार 36, रौशन कुमार 27 तथा समीर अंसारी नाबाद 24 रन का योगदान दिया ।लातेहार की ओर प्रेम कुमार 4, उज्वल कुमार सिंह 3 तथा आकाश कुमार महतो ने दो विकेट चटकाए । मैन ऑफ द मैच लातेहार के उज्वल कुमार सिंह को संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के द्वारा पुरस्कार दिया गया । मैच पर्यवेक्षक सब्बीर, अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे । जबकि स्कोरर दीपक सेठी थे । मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, लाल आशीष नाथ सहदेव , दिलीप कुमार प्रसाद, अश्विनी सिंह , संजय गुप्ता , श्रवण महली समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे।

## झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा नियोजन नीति के खिलाफ आहूत झारखंड बंद का किया गया समर्थन

### विष्णुगढ़ में सड़क जाम कर बंद समर्थकों ने 60-40 नाय चलतो का नारा किया बुलंद

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


सातमील मोड़ पर एनएच 522 को जाम करते बंद समर्थक

झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा स्थानीयता एवं नियोजन नीति के खिलाफ बुधवार को आहूत झारखंड बंद के समर्थन में विष्णुगढ़ में भी छात्र संगठन के लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया। बंद समर्थक सुबह पांच बजे से ही एनएच 522 में सातमील मोड़ में उतर गए और बगोदर, गोमियां तथा हजारीबाग रोड को घंटों जाम कर दिया। जिससे तीनों ओर की सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान बंद समर्थकों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। 60-40 नाय चलतो का नारा बुलंद करते हुए नियोजन नीति को वापस लेने की मांग की। हालांकि जाम से एम्बुलेंस, स्कूली वाहन समेत अन्य आवश्यक सेवा वाले वाहनों को मुक्त रखा गया। तीन घंटे तक जाम के बाद सुबह आठ बजे बंद समर्थक वापस लौट गए। जिसके बाद से वाहनों का परिचालन सामान्य हो गया। झारखंड बंद का क्षेत्र के बाजार पर कोई असर नहीं देखा गया। विष्णुगढ़, बनासो, गाल्होबार आदि क्षेत्रों की सभी दुकान, प्रतिष्ठान, बैंक, पेट्रोल पंप, कार्यालय आदि आम दिनों की तरह खुली रही। बनासो में बुधवार के साप्ताहिक हाट पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा।






सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## आपूर्तिकर्ता ने 2021के प्रकाशित पुरानी किताबो को भी बांट दिया स्कुलो मे, शिक्षक ही किताब पर उठा रहे है सवाल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**

बरवाडीह/लातेहार : मनिका विधानसभा क्षेत्र के मनिका गारू व महुआडांड प्रखंड के एक सौ विद्यालयो मे विधायक मद से 86 लाख 34हजार 900 रूपये की लागत से दी गई किताबे स्कूलो मे धुल फांक रही है।मिली जानकारी के अनुसार बरवाडीह गारू व महुआडांड तीन प्रखंड को मिलाकर पचास विद्यालयो मे 43लाख17हजार पांच सौ पचास रूपया का किताब विधायक मद की राशि से आपुर्तिकर्ता के द्वारा बांटा गया है। वही अकेले मनिका प्रखंड के लगभग पचास विद्यालयो मे 43 लाख17 हजार पांच सौ पचास रूपये की लागत से किताबे खरीद कर बांटी गई है। मिली जानकारी के अनुसार 86349 रूपये की दर से प्रत्येक विद्यालय मे किताबे खरीदने के लिए 86 लाख 34 हजार 900 रूपये विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा अनुशंसा किया गया ।चकित करने वाली बात है की सभी किताबे झारखंड से न खरीद कर न्यु दिल्ली के विद्या विकास एकेडमी नामक आपूर्तिकर्ता से खरीदी गई ।विद्यालय भ्रमण के दौरान मनिका प्रखंड के दर्जनो विद्यालय के शिक्षको ने बताया की हमारे विद्यालय मे राज्य सरकार के द्वारा इतनी अच्छी अच्छी किताबे पाठ्यक्रम मे है की ऐसी किताबो की कोई आवश्यकता ही नही थी।कई विद्यालय मे तो जबरन विधायक का धौंस दिखाकर किताबे थोप दी गई। कई ऐसे विद्यालय है जहां पर उक्त किताबो को रखने के लिए आलमीरा तक नही है ।विद्यालय के शिक्षको ने विधायक मद से दी गई किताब को दिखाते हुए कहा की चौथी पांचवीं क्लास के बच्चे के लिए प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए दी गई किताबे किस काम की है आप ही बताइये जब 86349 रूपये प्रत्येक विद्यालय मे किताब खरीदने के लिए विधायक मद से राशि दे है रहे थे तो किताबो को रखने के लिए एक अलमीरा भी देना था।विद्यालय के शिक्षको ने बताया की 86349 रूपये मे 418 किताबे प्रत्येक विद्यालय को दी गई है।कई ऐसे किताबे भी है जिनका प्रकाशन 2021मे की गई है।वही शिक्षको ने कहा की जितनी दर उक्त किताब मे ली गई है वास्तव मे उतनी दर की किताबे नही है ।परंतु हमलोग कर भी क्या सकते




है छोटी मुंह बड़ी बाते हो जायेगी ।वही विद्यालय के कई शिक्षको ने बताया की जिला से विद्यालय की सूची बन कर आया था व निर्देश दिया गया था की प्रखंड के बीआरसी कार्यालय मे जाकर किताब के लिए एक आवेदन विद्यालय की ओर से दे दे।वही अ०टीखेता ,हुमामारा, हाटा ,बिचलीदाग सहित विद्यालय के कई शिक्षको ने कहा की हमलोगो से कोई बात किताब से संबंधित नही की गई। सीधे आपूर्तिकर्ता के द्वारा विद्यालयो को यह कह कर थोप दिया गया की विधायक बच्चो को पढ़ने के लिए किताबे दे रहे है ।कई विद्यालय के प्रबंधन समिति ने यहां तक कह दिया की अभी तक तो इस सरकार मे झारखंड के बाहरियो की नौकरी ही दी जा रही थी ।अब तो इस राज्य के बाहरियो को भी विधायक के कृपा दृष्टि से काम भी मिलना शुरू हो गया।किताबो की आपुर्ति मे हुई गड़बड़झाला को इस बात पर और जोर मिलता है की एक से लेकर आठवीं तक के बच्चो को पढ़ने के लिए झारखंड पारा मेडिकल कोर्स की किताबे विधालय को थमा दिया गया ।कई ऐसी किताबे है जिनका क्लास एक से आठ तक के बच्चो के लिए है ही नही।यहां सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मे भी वर्ष 2020/21मे भी मनिका विधायक द्वारा विधायक मद से पचास लाख रूपया की राशि से किताब खरीदने के लिए अनुशंसा कर स्कुलो मे किताब बांटा गया था ।जो आजतक विद्यालयो मे धुल फांक रहा है। पुनः उन्ही विधालयो मे विधायक मद की राशि से किताबे आपुर्ति.कर्ता के द्वारा किताब की आपूर्ति करना अपने आप मे एक बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार टेबुल टेंडर के द्वारा विधायक मद की राशि को विधायक अपने चहेते आपूर्तिकर्ता को टेंडर दिलवा देते है ।इस पुरे खेल मे जिले के पदा.धिकारियो की भी सहभागिता होती है।वही माना जाता है की किताब वितरण मे 40प्रतिशत तक का उच्चस्तरीय कमीशन का खेल खेला जाता है ।यही कारण है लातेहार जिला मे दिल्ली से आकर भी लोग बड़े आराम से किताब आ.पुर्ति कर चलते बनते है ।जिसकी भनक तक आम लोगो को नही लगती।इस संबंध मे मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा की विधायक मद से अपने क्षेत्र मे लगभग सभी स्कुलो मे किताब वितरण करने के लिए अनुशंसा किया था।दिल्ली के आपुर्ति कर्ता को किताब वितरण का टेंडर कैसे मिला यह विभाग का मामला है बेहतर विभाग ही बता सकता है ।हमारे जानकारी के अनुसार टेंडर मिलने के बाद ही आप.ूर्तिकर्ता किताब बांटता है ।बहरहाल विधायक मद की करोड़ो की राशि से किताब खरीदकर स्कुलो मे बांटने के औचित्य पर सवाल खड़ा हो रहा है।

## राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करना केन्द्र सरकार को पड़ेगा महंगा : शैलेन्द्र यादव

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी के निर्देशानुसार कांग्रेस गठबंधन के सयुंक्त तत्वावधान में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने एवं मोदी और अडानी के द्वारा देश की जनता की लूट के विरोध में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के माध्यम से जिला समाहरणालय में एक दिवसीय घेराव एवं जन सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने राहुल गांधी की लो.कसभा सदस्यता रद्द किए जाने पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के शासन काल में लोकतंत्र पुरी तरह से ध्वस्त हो गई है। हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सदन में दो सवाल पूछे थे पहला अडानी के सेल कम्पनियों में निवेश किए गए 20.000 हजार करोड़ रूपए किसके हैं और दुसरा सवाल प्रधानमंत्री मोदी का अडानी के साथ किया रिश्ता है। इतना पूछना मानो मेरे नेता के लिए काल हो गया और आनन फानन में अलो.कतांत्रिक तरिके से उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करना केन्द्र सरकार को महंगा पड़ेगा। केन्द्र में मोदी सरकार का विरोध करते हुए बड़कागांव के विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि जब से मोदी सरकार आई है तब से मंहगाई चरम पर है रसोई गैस सिलेंडर का मुल्य 400 रूपए से बढ़कर 1200 रूपए हो गए हैं और पेट्रोल डीजल का मुल्य 100 रूपए पार कर गई है । उसी तरह खाद्य सामग्री का मुल्य आसमान छू रही है। आम जनता को इस भीषण मंहगाई ने तो कमर ही तोड़ डाली है। भाजपा सरकार का विरोध करते हुए भाकपा के प्रदेश सचिव सह पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि देश में नफरत का महौल बन गया है देश टूटने के कगार पर है। भा.जपा की सरकार नफरत फैला कर सत्ता पर बना रहना चाहती है। केन्द्र सरकार का विरोध करते हुए बरही विधान सभा के प्रभारी अशोक सिंह ने कहा कि देश में दिनों दिन बेरोजगारी का ग्राफ बढ़ रही है मोदी सरकार चुनाव के पूर्व कहा था कि साल में दो करोड़ युवाओं को रा.ेजगार देंगे पर कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क है रोजगार देने के बजाय रोजगार छिना जा रहा है। भाजपा का विरोध करते हुए सीपीआई ( एम ) के जिला सचिव गणेश प्रसाद सिटू ने कहा कि मोदी की केन्द्र सरकार दिनो दिन सरकारी संस्थानों बेचने का काम कर रही हैं और इसका सिधा लाभ बड़े-बड़े पूंजीपतियों को मिल रहा है। केन्द्र सरकार पर अपनी भड़ास निकालते हुए आरजेडी के जिला अध्यक्ष हिरामन यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने किसान के तीन काला कानून पारित कर देश के 600 सौ किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया जब कांग्रेस ने इस तीन काला कानून का विरोध किया तो अंत मे इन्हे तीन काला कानून को वापस लेना पड़ा। तानाशाही सरकार का विरोध करते हुए राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक ने कहा कि मोदी सरकार जीएसटी लगाकर छोटे व्यापारियों की जीना हो मुहाल कर दिया है। खाद्य सामग्री ही नही बच्चों के लिखने वाले पेंसिल पर भी जीएसटी लगाकर बच्चों के भविष्य के साथ केंद्र सरकार खिलवाड़ कर रही है। मोदी सरकार का विरोध करते हुए जदयू के राजू खंडेलवाल नें कहा कि अग्नि वीर योजना लागू कर मोदी सरकार ने चार वर्षो की नौकरी देकर भारत के युवाओं को ठगने का काम किया है।जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, सीपीआई के महेन्द्र राम, विपीन सिन्हा, प्रो. अनवर हुसैन, आरजेडी के युवा अध्यक्ष अयान रजा, चंदन सिंह, झामूमो के निसार अहमद जदयू के प्रेम चंद राम अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया व धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष ललितेश्वर प्रसाद चौधरी ने किया। कार्यक्रम में गठबंधन के क्रमशः पांच सौ कार्यकर्ता उपस्थित थे।











सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## राजपुर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

### शांति और सौहार्द वातावरण में मनाए ईद उल फितर : थाना प्रभारी

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : बुधवार को राजपुर थाना परिसर में ईद उल फितर पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने किया। बैठक में प्रखण्ड प्रमुख इंदु कुमारी, के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान लोगों को रमजान पर्व ईद उल फितर शांति वातावरण में संपन्न कराने की अपील की गई। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि कोई ऐसा कार्य नहीं करें जिससे किसी समुदाय को ठेस पहुंचे। शांति व सौहार्द वातावरण में संपन्न करने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखे जाएगी। आगे उन्होंने कहा किसी तरह की कोई अप्रिय घटना होने पर अविलंब थाना को सूचित करें। साथ ही भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं दें। इस तरह संबोधन करने वालों में छोटू सिंह , विनय सिन्हा, बद्री दांगी, राजेश दास, आदि का नाम शामिल है। मौके पर एसआई नंदन सिंह, धर्मराज उरांव, चातर उरांव आदि शामिल थे।

## आग लगने से खपड़ैल घर में लगी आग, समान जलकर हुआ राख





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के चिरिदिरी गांव में बुधवार को एक कच्चे खपड़ैल मकान में अचानक आग लग जाने के कारण एक परिवार घर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। अगलगी की इस घटना में हजारों की संपति जलाने का अनुमान है। घर में आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई थी।क्योंकि आग भयानक रूप ले चुकी थी। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आग ने पूरे घर को जला दिया था। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग की चपेट में आने से अन्य घरों को बचाया गया। आग लगने से घर में रखा बक्सा, कपड़ा, साइकिल ,अनाज सहित अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भुक्त भोगी अपने परिवार का भरण पोषण किसानी से किया करते हैं। आग लगने के समय वह घर बंद कर अपनी पत्नी के साथ महुआ चुनने चले गए थे। घटना की जानकारी पाकर राजपुर थाना पुलिस एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलाश महतो के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। हालाकिं समय रहते आग पर काबू पाया गया। जिसके कारण दूसरे घरों को आग अपने चपेट में नहीं ले पाई। गांव के लोगों ने बताया कि सुबह 8रू00 बजे अचानक घर से धुआं उठा और देखते ही देखते आग में तब्दील हो गया। हल्ला गुल्ला होने के बाद गांव के लोग पहुंचे।क.ोई बाल्टी कोई मशीन से पानी देने का प्रयास कर रहे थे। हालाकिन समय रहते दमकल की गाड़ी पहुंच गई और आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया। लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था।

## कांग्रेस ने केन्द्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : केन्द्र सरकार संविधान के नियमों का उलंघन करते हुए जिस प्रकार कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के मोदी व अडानी के काले कारनामों का काला चिठ्ठा को और जनादेश का सवालों को संसद में मजबूती से उठाने पर संसद की कार्यवाही रोक दी जाती है और सरकार को जवाब देने की बजाय मौन साध लेती है। राहुल गांधी के सवालों से डर से सदस्यता रद्द करते हुए 24 घंटे के अंदर आवास को खाली करने का नोटिस दे दिया गया वह निंदनीय है।उक्त बाते जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कही। वहीँ झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार देश में द्वेष फैला कर विपक्ष को कमजोर कर सरकार चलाना चाहती है जिसे कांग्रेस कतई नहीं होने देगी । झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रविंद्र राम ने केंद्र की सरकार को जनविरोधी सरकार करार देते हुए कहा कि जिस तरीके से देश की नफरत का माहौल फैलाकर शासन कर रहे हैं। मनिका विधायक बरवाडीह प्रखंड प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू ने कहा कि देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस दृढ़ संकल्पित है और आगे भी रहेगी।जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र भारती ने कहा कि भाजपा सरकार इसमें जिस तरीके से कार्य कर रही है वह पूरी तरह से जनविरोधी है जनता कतई माफ नहीं करेगी ।कार्यक्रम का संच.ालन करते हुए जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र पा. सवान ने कहा कि केंद्र की सरकार राहुल गांधी के सवालों से डरी हुई है।मौके पर लातेहार जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित यादव,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सलाम अंसारी, कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कामिल अंसारी, शोएब अख्तर, लातेहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष शंभू यादव चंदवा प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ,बारियातू प्रखंड अध्यक्ष रीजन कुमार, हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष लाडले हसन, बाल.ूमाथ प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात, मनिका प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर सिंह ,बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, गारू प्रखंड अध्यक्ष मनोज उरांव, गुड्डू सिंह ,रशीद अंसारी मनोज पासवान, ज्योति प्रकाश दुबे उपेंद्र पासवान ,महेंद्र प्रसाद ,प्रभु यादव मौजूद रहे ।

## चौपारण के ढोढ़ीया, सिकदा सहित असन्ना चुंवा जंगल मे लगी भयंकर आग, तीन टीम बुझाने का कर रही प्रयास

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखंड के चोरदाहा पंचायत के ढोढ़ीया , सिकदा गांव के समीप जंगल में भयंकर आग लगी है। जिसे बुझाने के लिए वन विभाग की तीन टीम प्रयास कर रहे हैं। वहीं बताया जाता है कि जंगलों में बसे लोग महुआ चुनने के नाम पर पत्ता में आग लगा देते हैं और गर्मी के कारण जंगल मे तेजी से आग पकड़ लेता है। महुआ चुनने के बहाने जंगल को जला कर सूखा देते है और उसको खेती लाइक बना कर अवैध तरीके से कब्जा कर अफीम-गांजा की खेती करने के लिए तैयार करते हैं। उसके बाद उसपर अवैध खेती का कारोबार किया जाता है। अब सवाल ये खड़ा होता है कि अगर महुआ चुनने वाले आग लगा कर वन विभाग का लाखों का नुकसान पहुंचाते हैं तो उसपर वन वाद क्यो नही किया जाता है। बतादें की हजारीबाग जिले का सबसे बड़ा प्रखंड चौपारण झारखंड-बिहार के सीमा पर है। जिसके कारण सीमावर्ती प्रखंड में न तो विकास हो पाता है। अगर विकास होता है तो सिर्फ क्रप्शन का। इसका मुख्य कारण है कि इसका आंच जिला मुख्यालय तक पहुंच नही पाता है। वन विभाग और जिला प्रशासन समय रहते इस पर संज्ञान लेकर वन को कटते और जलने से नही रोका तो स्थिति भयावह हो जाएगी। अभी तो एक हजार एकड़ में अफीम की खेती हो रही है और आगे हजारों एकड़ वन भूमि बंजर हो जाएगा। जिसपर पहुंच और पकड़ वालो के आशीर्वाद से मादक पदार्थो को उपजाया जाएगा और फिर जंगल राज स्थापित हो जाएगा।

## एनटीपीसी से चौक चौराहे पर प्याऊ सेंटर चालू करने की मांग

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव में कड़ाके की धूप के साथ काफी गर्मी पड़ रही है बुधवार को 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। गर्मी के कारण राहगीरों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार एवंप्रबुद्ध ग्रामीणों ने एनटीपीसी से बड़कागांव के मुख्य चौक चौराहे पर प्याऊ सेंटर चालू करने की मांग की गई है। ताकि आवागमन कर रहे राहगीरों को पेयजल की समस्या से जूझना नहीं पड़े।

## स्टूडेंट यूनियन का नियोजन नीति को लेकर झारखंड बंद का बड़का गांव में दिखा मिला जुला असर

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : नियोजन नीति , 1932 खतियान एवं रांची में आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर झारखंड स्टूडेंट यूनियन के द्वारा बुलाई गई झारखंड बंद का असर बड़कागांव में भी देखी गई। स्टूडेंट यूनियन के लोगों ने चौक चौराहे पर घूम घूम कर दुकानें बंद करवाई गई एवं सड़क जाम करवाने की प्रयास करते नजर आए । इस दौरान कई लोगों ने स्वेच्छा से दुकानें बंद कर स्टूडेंट यूनियन का समर्थन किया। यूनियन के लोगों ने बड़कागांव थाना रोड स्थित पुराने पेट्रोल पंप से लेकर बड़कागांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार बड़कागांव, कुशवाहा मोहल्ला बड़कागांव विधायक मोहल्ला कुशवाहा मोहल्ला तक घूम घूम कर दुकानें बंद करवाई और लोगों को नियोजन नीति एवं 1932 खतियान को लेकर जागरूक करने का प्रयास किया। वही रांची में छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठियां बरसाई जाने को लेकर स्टूडेंट यूनियन ने घटना का तीव्र विरोध किया एवं आने वाले चुनाव में हेमंत सरकार को सबक सिखाने की बात कही। मौके पर खतयानी संघर्ष मोर्चा के नेता नकुल महतो ने कहा कि जिन जिन सरकारों ने शिक्षको एवं छात्रों पर लाठियां बरसाई हैं । चुनाव में उनकी हार हुई हैं वो दोबारा रिपीट नहीं कर पाई है। वही मोहम्मद इब्राहिम ,मिथिलेश कुमार ने हेमंत सरकार के खिलाफ पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि नियोजन नीति में 60 और 40 का राजनीतिक खेल नहीं चलेगा। यह झारखंडी छात्रों के साथ घोर अन्याय है इसे हम बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। हम झारखंडी अपना हक व अधिकार लेकर रहेंगे। इसके लिए हमें कुर्बानी भी अगर देनी पड़ी तो हम पीछे नहीं हटेंगे। टेकलाल कुमार एवं अवधेश कुमार ने कहा कि नियोजन नीति एवं खतियान 1932 यह हमारे एवं आने वाले पीढ़ीयों के लिए काफी अहम है, नहीं तो हम झारखंडीयों को भीख मांगना पड़ेगा और बाहरी लोग रसमलाई खाएंगे। बच्चे से लेकर बूढ़े लोगों को आंदोलन में शामिल होने की जरूरत है। मुख्य रूप से शिक्षक मिथिलेश कुमार, टेकलाल कुमार , ईश्वर कुमार महतो, अवधेश कुमार, नकुल महतो , फुलेश्वर कुमार, सतीश महतो, ईश्वर महतो, अशोक कुमार, तारकेश्वर महतो, ईश्वर महतो, संदीप सोनी, कामेश्वर महतो,लालन यादव,सुरेंद्र कुमार,शिक्षक कुंवर प्रजापति , दिलीप कुमार , किशोर कुमार, राहुल कुमार , भारी संख्या में कार्यकर्ता , शामिल थे।

APEM LIVE